PPMN

हिन्दी राष्ट्रीय - राज्य सरकार से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

सहयोग आपका प्रयास हमारा

# परिष्कार पत्रिका

प्रगति की ओर

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रींगस, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

**जरूरी सूचना**
यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पाबंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर या डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।
सम्पर्क करें 9314407796

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 2024-26 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए

विशेषांक

E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 23 » अंक 14 » जयपुर : 23 फरवरी 2025 से 7 मार्च 2025 » RNI No : RAJHIN/2002/9810 »

## धानका समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में 5 जोड़ों बंधें परिणय-सूत्र बंधन में



### निमेड़ा के मैरिज गार्डन में हुआ आयोजन

ब्यूरो चीफ / परिष्कार पत्रिका

**जयपुर।** धानका जनजाति विकास एवं जनजागरण विवाह समिति ने 5 जोड़ों का आठवां सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन एम एस पैराडाईज निमेड़ा में किया। विवाह समिति के महामंत्री नवल किशोर तुर्किया ने परिष्कार पत्रिका को विस्तार से बताया। खबर विस्तार से पेज 4 पर

जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर

## पटेल नगर आवासीय योजना की लॉटरी 24 फरवरी को निकाली जाएगी

का.सं. / परिष्कार पत्रिका

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा नवसृजित योजना पटेल नगर आवासीय योजना की लॉटरी 24 फरवरी 2025 को नागरिक सेवा केंद्र में दोपहर एक बजे निकाली जायेगी। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि जेडीए द्वारा जोन-10 में खोरी रोपाडा में पटेल नगर आवासीय योजना विकसित की गई है। योजना में ऑनलाईन आवेदन दिनांक 14जनवरी 2025 से 13 फरवरी 2025 तक आमंत्रित किए गए थे। योजना में कुल 270 भूखण्ड है। पटेल नगर आवासीय योजना में प्राप्त 52305 आवेदन पत्रों में से विभिन्न कारणों - स्वंय के प्रार्थना पत्र, तकनीकी कारणों आदि के कारण 189 आवेदन पत्र निरस्त किए जाने के उपरान्त 52116 आवेदन पत्र लॉटरी में सम्मिलित किए गए है। उक्त योजना में 76.120 वर्ग मीटर तक के भूखण्डों की संख्या 138 के विरूद्ध 34061 आवेदन पत्र, 121.220 वर्ग मीटर तक के भूखण्डों की संख्या 132 के विरूद्ध 18055 आवेदन पत्र कुल 52116 आवेदन पत्र लॉटरी में सम्मिलित किए गए है। योजना की आरक्षित दर रूपये 18,000 प्रति वर्ग मीटर निर्धारित है एवं रेरा पंजीयन क्रमांक RAJ/P/2023/2588 है। योजना की लॉटरी 24फरवरी 2025 को दोपहर एक बजे नागरिक सेवा केन्द्र, जविप्रा परिसर में निकाली जाएगी तथा सम्पूर्ण प्रक्रिया की विडियोग्राफी व लाइव स्ट्रीमिंग भी उपलब्ध रहेगी। उक्त कार्यक्रम का लाईव प्रसारण यूट्यूब चैनल एवं फेसबुक पेज पर किया जायेगा। लॉटरी के समय इच्छुक आवेदक उपस्थित रह सकते है।

अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक महासंघ का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

# वृद्धाश्रम हमारे राष्ट्र की परंपरा नहीं बल्कि पश्चिम की देन है : राज्यपाल

परिष्कार पत्रिका

**जयपुर/(वि.वि.)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि हमारे देश में ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ एवं सन्यास आश्रम की परंपरा है वृद्ध आश्रम की नहीं। वृद्धाश्रम पश्चिम की देन है जहां पर वरिष्ठ नागरिकों को बोझ समझा जाता है।

राज्यपाल उदयपुर के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक महासंघ के 22 वें राष्ट्रीय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल बागड़े ने वरिष्ठ नागरिकों का आह्वान किया कि वे अपने शरीर एवं स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखें क्योंकि स्वस्थ शरीर ही सबसे बड़ा धन है।



उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को अपने अनुभव से राष्ट्र समृद्धि के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत ने ही विश्व को जीरो एवं दशमलव दिया जिस पर आधुनिक तकनीक टिकी हुई है। इसलिए शिक्षा पद्धति में परिवर्तन की आवश्यकता देखते हुए केंद्र सरकार ने नई शिक्षा पद्धति लागू की जो आने वाले समय में पुरातन भारतीय ज्ञान परंपरा को पुनर्जीवित करने का कार्य करेगी। राज्यपाल ने महासंघ की स्मारिका अनुभूति का विमोचन किया और वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित भी किया।

राज्यपाल ने डूंडलोद गर्ल्स विद्यालय वार्षिक समारोह में भाग लिया

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं किया सम्मानित

वि.वि./ परिष्कार पत्रिका



**झुंझुनूं।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को झुंझुनूं के डूंडलोद गर्ल्स स्कूल के वार्षिक समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को सम्मानित भी किया। उन्होंने बालिकाओं को खूब पढ़ने और आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर बच्चों ने मनमोहक कला प्रस्तुतियां दी।

## अजमेर में 16 मार्च को रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन

**कासं. परिष्कार पत्रिका अजमेर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महारानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय पुरस्कार सम्मान समारोह 16 मार्च रविवार को सुचना केन्द्र सभागार अजमेर में रखा गया है। अध्यक्ष आर के महावर के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय महिलादिवस के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महारानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय पुरस्कार सम्मान समारोह रखा गया है, इसमें विभिन्न क्षेत्र की 31 महिलाओं को राष्ट्रीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। महिला दिवस के उपलक्ष में सम्मान की योग्य महिलाऐं अपना बायोडाटा ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों ही अध्यक्ष आर के महावर के पास जमा करवा देवें।

## पंचायती राज्य मंत्री ने किया ग्रामीण क्षेत्रों दौरा

**गुडा विश्नोइयाँ गांव का किया औचक निरीक्षण, गंदगी पर जताई नाराजगी**

**परिष्कार पत्रिका जोधपुर/ वि.वि.।** शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री तथा जोधपुर जिला प्रभारी मंत्री मदन दिलावर ने जोधपुर की पंचायत समिति लूणी के ग्राम गुडा विश्नोइयाँ का औचक निरीक्षण किया और ग्राम व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। प्रभारी मंत्री ने पूरे गाँव का भ्रमण किया और विभिन्न क्षेत्रों में लोक सेवाओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली। दिलावर निरीक्षण के दौरान ने विभिन्न गलियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी के ढेर को देख कर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी गणपत लाल सुथार को निर्देश दिए कि ग्राम की साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्थाएं की जाएं। इसके साथ ही उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्राप्त धनराशि का सही उपयोग सुनिश्चित करने और सफाई कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ग्राम विकास अधिकारी से वसूली किए जाने के निर्देश भी दिए।

**जनसमस्याओं को सुना, अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश :** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने इस दौरान ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याएँ सुनीं। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत में स्वच्छता अभियान को प्रभावी रूप से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि पीने के पानी की उपलब्धता, सड़कों की मरम्मत एवं नाली सफाई कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए, साथ ही यह अच्छी तरह सुनिश्चित किया जाए कि गाँव में सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचे।

जवाहर कला केन्द्र में आयोजित होगा राज्य स्तरीय आरोग्य मेला

## 1 मार्च से 4 मार्च 2025 तक होगा राज्य स्तरीय आरोग्य मेले का आयोजन

स्टेट ब्यूरो/ परिष्कार पत्रिका



**जयपुर।** राज्य स्तरीय आरोग्य मेले का आयोजन जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में 1 मार्च से 4 मार्च 2025 तक होगा। मेले की तैयारियों को लेकर आयुर्वेद विभाग के अतिरिक्त निदेशक एवं आरोग्य मेले के नोडल डॉ बत्ती लाल बैरवा ने विभिन्न समितियों की बैठक ली जिसमें आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मेले के शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि राज्य के उप मुख्यमंत्री एवं आयुष मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा होंगे साथ ही अध्यक्षता जयपुर सांसद मंजू शर्मा करेंगी। विधायक कालीचरण सर्राफ, महापौर नगर निगम ग्रेटर सौम्या गुर्जर एवं प्रमुख शासन सचिव भवानी सिंह देथा विशिष्ट अतिथि होंगे। मेले के मीडिया प्रभारी डॉ लक्ष्मण सैनी ने बताया कि मेले में विश्व स्तरीय विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है जिनका व्याख्यान होगा जिसमें विभिन्न प्रकार की जड़ी-बूटियों की जानकारी दी जाएगी। बैठक मे सभी समितियों के प्रभारी अधिकारी व डॉ कमल चंद, डॉ दिनेश शर्मा परियोजना निदेशक आयुष मिशन, डॉ सीताराम शर्मा रजिस्ट्रार इंडियन बोर्ड ऑफ मेडिसिन, डॉ अंशुमान चतुर्वेदी, सहायक निदेशक, डॉ समयसिंह मीणा, सहायक औषधि नियंत्रक, डॉ शम्भू लाल शर्मा, डॉ जगदीश बैरवा, डॉ चेतीवाल, डॉ राहुल पारासर, डॉ नितिन गोयल, डॉ कल्पना आदि ने भाग लिया।

# पाराशर चिल्ड्रन पैरेडाईज विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया वार्षिकोत्सव और विदाई समारोह











पीपी संवाददाता/ परिष्कार पत्रिका

**जयपुर।** पाराशर चिल्ड्रन पैरेडाईज पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल जयपुर में 10वीं और 12वीं कक्षाओं का विदाई समारोह और वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गोकुलचंद पाराशर, विद्यालय के निदेशक रामलाल पाराशर ने माता सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। छात्राओं ने गणेश वंदना से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न गीतों पर शानदार नृत्य की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने खूब आनन्द लिया। कार्यक्रम में परिष्कार पत्रिका की प्रधान संपादक हेमलता किरार और रविसिंह किरार का भी माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में निदेशक रामलाल पाराशर ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया किया और सभी ने सामूहिक भोज में भोजन का आनंद लिया।

रजि. न. 403 ।। जय श्री लक्ष्मीनारायण जी महाराज ।। स्थापित - 1996-1997

पाराशर चिल्ड्रन पैराडाइज पब्लिक सी. सै. स्कूल

प्रवेश प्रारम्भ

विशेषताएं : श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं, उचित वाहन सुविधा एवं खेल-कूद, साप्ताहिक बाल सभा, कम्प्यूटर शिक्षा प्राथमिक कक्षाओं से, समय समय पर अध्यापक-अभिभावक संगोष्ठी।



रामलाल पाराशर, निदेशक

17, पार्क व्यू कॉलोनी, एनबीसी स्टाफ क्वार्टर्स के पीछे, खातीपुरा रोड़, जयपुर -6 राजस्थान

Mob. No. 9351451481, 7726857268

## सदाचार विद्यालय में मनाया वार्षिकोत्सव

पीपी संवाददाता/ परिष्कार पत्रिका







**जयपुर।** श्री कन्या सदाचार सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं कन्या पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में आकड़ मार्ग बनीपार्क जयपुर में घूमर 2025 वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतीश चंद्र सागर सब इंस्पेक्टर साइबर क्राइम ने मां सरस्वती के सक्षम के तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर शुरुआत की। इसके बाद बालिकाओं ने गणेश वंदना से कार्यक्रम को आरंभ किया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने ब्लू हैं पानी में सभी आए हुए अतिथियों व दर्शकों के सामने शानदार प्रस्तुति दी। मेरा जूता है जापानी, साथ ही देश रंगीला में सॉन्गस पर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। बालिकाओं द्वारा खम्मा घणी घूमर काल्यो कूद पड़यो मेला में, में राजस्थान की झलक दिखाई गई। इसी कड़ी में होली के पर्व पर ढोल बाजे रंग उड़ा, कान्हा के संग होली खेले जोरदार नृत्य करके सभी आए हुए दर्शकों ने वस मोर वस मोर पर मजबूर कर दिया। अंग्रेजी माध्यम प्रिंसिपल चेतन शर्मा ने सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। ईशा शर्मा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य उषा शर्मा ने आये हुए सभी अतिथियों का उर्पणा ओढ़ाकर सम्मानि किया। सभी आए हुए सभी अतिथियों, अभिभावकों और दर्शकों का धन्यवाद ज्ञापित किया और सभी देशवासियों को होली शुभकामनाएं दी

## पाराशर विद्यालय के नए भवन में कक्षाएं प्रारंभ







पीपी संवाददाता/ परिष्कार पत्रिका

**जयपुर।** हाल ही में पाराशर चिल्ड्रन पैरेडाईज पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल जयपुर के नए भवन का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के निदेशक रामलाल पाराशर ने बताया कि अपने मुख्य विद्यालय भवन के पास ही प्राईमरी सैक्शन अंग्रेंजी माध्यम के लिए नए भवन का उद्घाटन समाज के गणमान्य और प्रबुद्धजनों ने किया। जिसमें कक्षाएं प्रारंभ की गई है। प्राईमरी सेक्शन के विद्यार्थी नए भवन में अध्ययन कर बड़े ही खुश है। इससे पूर्व विद्यालय के छात्र-छात्राओं और अध्यापक-अध्यापिकाओं ने ढोल बाजे के साथ रैली निकाली और विद्यालय के नए भवन पहुंचे। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने खुशी जाहिर की और ग्रुप फोटो खिचवाएं।

विद्यालय के निदेशक रामलाल पाराशर ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनएं दी और अच्छे से मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि अब नए प्रवेश प्रारंभ हो गए है। इसके लिए नए विद्यार्थी अपने प्रवेश करा सकते हैं।

रजि नं. 259/2001 राजस्थान सरकार से स्थाई मान्यता प्राप्त

जय मां सरस्वती विद्यापीठ सी.सै. स्कूल

संकाय- कला एवं वाणिज्य [कक्षा नर्सरी से 12वीं तक [हिन्दी माध्यम]]

JMS VIDHYAPEETH SR. SEC. SCHOOL

(An English Medium) Nur. to XII(Arts & Com.)

प्रवेश प्रारंभ 44, दुर्गा विस्तार कॉलोनी, रावल जी का बंधा, एनबीसी स्टाफ क्वार्टर्स के पीछे, खातीपुरा रोड़, जयपुर -6

Ph. 0141-2225200, Mob. No. 9251467543, 9251467545

विशेषताएं : श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।

राजस्थान सरकार से स्थाई मान्यता प्राप्त

प्रकाश विध्या निकेतन सी.सै. स्कूल

संकाय- विज्ञान, कला एवं वाणिज्य

[कक्षा नर्सरी से 12वीं तक [हिन्दी माध्यम]

प्रवेश प्रारंभ

विशेषताएं : श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।



सिद्धार्थ सिंह चौहान

194, शांति नगर, एनबीसी रोड़, जयपुर 302006
मोबाईल नं. 9352495768, 7665252481

**प्रकाशन के लिए अपने संदेश भेजें या मेल करें-**

संपादक, परिष्कार पत्रिका,
ब्रांच ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36
भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, जयपुर-06
मो. 9314407796
parishkarpatrika@gmail.com

अधिक खबरों के लिए परिष्कार पत्रिका की वेबसाइट पर देखें www.parishkarpatrika.com

सदाचार उच्च मा. विद्यालय

आकड़ मार्ग, बनीपार्क जयपुर फोन नं. 2202026
[अग्रेंजी व हिन्दी माध्यम सहशैक्षणिक संस्था]
कला एवं वाणिज्य [कॉमर्स] संकाय

SADACHAR PUBLIC SCHOOL

(An English Medium Co-educational institute)
Ph. 3141519, 2202026
English Medium
Play Group to VIIIth
Conveyance Facility (Auto)
Based on N.C.R.T. Pattern

सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं



ऊषा शर्मा
प्रिंसिपल
सदाचार उच्च मा विद्यालय

सेंट माईकल सीनियर सैकंडरी स्कूल

[कक्षा नर्सरी से 12वीं तक [अंग्रेजी माध्यम]

प्रवेश प्रारंभ

विशेषताएं : न्यूनतम शिक्षण शुल्क, श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।

सुभाष चौक, आमेर रोड़, जयपुर राजस्थान



नोयल डिसिल्वा

## सम्पादकीय

परिष्कार पत्रिका जयपुर। संभावनापूर्ण चिंतन का विकास होना चाहिए। आज जब तकनीकी युग है तो ऐसे में संभावनापूर्ण चिंतकों को यह भरोसा होता है कि उन्हें खुश रहने और सफल होने का उतना ही अधिकार है जितना किसी अन्य व्यक्ति को। यह बात सौ फीसदी सच है कि ईश्वर ने अलग-अलग लोगों को अलग-अलग योग्यताएं और उपहार दिए है, परंतु सफलता आखिरकार विशेष योग्यताओं से ही नहीं आती। आप अपने व्यवसाय में उन लोगों को देख सकते हैं, जो सीढ़ी पर आपसे ऊपर हैं। आप जानते हैं कि आप भी उनके जितने प्रतिभाशाली हैं। इसके विपरीत आप सीढ़ी पर नीचे की ओर भी अपने बराबर प्रतिभाशाली लोगों की भीड़ देख सकते हैं। यह आवश्यक नहीं है कि आपको योग्यता के जरिये सफलता या आत्मसम्मान प्राप्त हो ही जाए, न ही यह आवश्यक रूप से आपके किसी क्षेत्र विशेष में रहने से होता है। कई लोग सोचते हैं कि वे अगर अमुक शहर या राज्य में रह रहे होते तो कहीं ज्यादा सफल होते। दरअसल सफलता वहां से नहीं आती, जहां आप हैं। सफलता तो उस तरीके से आती है, जिस तरीके से आप सोचते हैं। यह अपने सपने की तस्वीर लगातार देखते रहने से आती है। यही वजह है कि संभावनापूर्ण चिंतकों में यदि सही योग्यता, इलाका या प्रशिक्षण न भी हो तो भी वे असंभव को हासिल कर सकते हैं। वे मुश्किल समय से गुजर जाते हैं और बच जाते हैं। क्यों ? क्योंकि उन्हें खुद में विश्वास होता है। वे महसूस करते हैं कि उन्हें खुश होने और सफल होने का किसी अन्य व्यक्ति जितना ही अधिकार है। दरअसल जो आप बनना चाहते हैं, उसकी तस्वीर देखने से आपको सफलता मिलती है। क्या आप सोचते हैं कि आप बेहद प्रतिभाशाली हैं? तो आप हैं। आपको बस स्वयं पर विश्वास करना होगा। अगर लोग यह नहीं सोचते कि वे सुंदर हैं तो उन्हें इस बात का यकीन नहीं दिलाया जा सकता कि वे सुंदर हैं। इसलिए स्वयं पर विश्वास रखकर पूरी मेहनत और इमानदारी से सही दिशा में आगे बढ़े। **जय हिन्द।**

# बेटियों को दी गई गुड टच बैड टच की जानकारी

### सक्षम जयपुर अभियान के तहत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जिला कलक्टर डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी ने छात्राओं को किया प्रेरित**

कासं. वि.वि. परिष्कार पत्रिका





जयपुर। जिला प्रशासन द्वारा संचालित सक्षम जयपुर अभियान के तहत गुड टच बैड टच जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। झालाना स्थित पीएम केंद्रीय विद्यालय में बेटियों को गुड टच बैड टच की आवश्यक जानकारियों से रूबरू करवाया गया। जिला कलक्टर डॉ जीतेन्द्र कुमार सोनी ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी ने छात्राओं को सुरक्षा के साथ ही परीक्षा मे सफलता के टिप्स दिये, साथ ही मातृ-भाषा का महत्व बताते हुए आम बोलचाल एवं कार्य में मातृ भाषा को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक डॉ राजेश डोगीवाल ने इनाया फाउंडेशन की और से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के लिए कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में विद्यालय के 1000 विद्यार्थियों को गुड टच बैड टच का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उनके साथ होने वाले बैड टच की व्यथा का प्रभावी मंचन किया।

इनाया फाउंडेशन सचिव नितिशा शर्मा ने बताया की कार्यक्रम में पॉक्सो एक्ट 2012, चाइल्ड हेल्पलाइन नं 1098, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, आत्म रक्षा, बाल विवाह उन्मूलन, वर्चुअल टच जैसे अपराधों के साथ ही महिला सुरक्षा की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया की कार्यक्रम के प्रथम फेज में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के अब तक लगभग 35 विद्यालयों के 40,000 छात्र छात्राओं को सन्देश दिया जा चुका है और दूसरे फेज में तकरीबन 15,000 बच्चों तक पहुँच कर कानून की जानकारी देने का लक्ष्य है।

विद्यालय के प्राचार्य निशिकांत अग्रवाल ने जिला कलक्टर डॉ जीतेन्द्र कुमार सोनी एवं महिला अधिकारिता उप निदेशक राजेश डोंगीवाल का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा की लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन करवाया। टीम सुपरवाइजर विनय मित्तल, टीम कोर्डिनेटर योगेन्द्र कुमार, अर्पण भट्ट, वीरेंद्र सिंह, पूनम वर्मा ने कार्यक्रम अलग-अलग विषयों प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के बाद बच्चों से प्रश्न पूछे गए, जिनका सही जवाब देने वालों को कैप, जूट बैग और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

# देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महिलाओं की भागीदारी आवश्यक




कासं./ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। अंबुजा फाउंडेशन के तत्वावधान में चिड़ावा के भोमपुरा गांव में रविवार को झुंझुनू में लखपति सखी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल हरिभाऊ बागड़ ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के आर्थिक विकास से ही देश आर्थिक रूप से मजबूत बन सकता है। राज्यपाल बागड़े ने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा, अब महिलाओं के विमान उड़ाने का समय आ गया है। यदि वे ठान लें, तो कोई कार्य उनके लिए असंभव नहीं है। उन्होंने महिलाओं से अपने बच्चों को शिक्षित करने, कौशल विकास करने और डेयरी व्यवसाय जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ने का आह्वान किया। बागड़े ने विश्वास जताया कि आज की लखपति दीदी आने वाले समय में करोड़पति दीदी बनेगी। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने लखपति दीदियों को प्रशस्ति पत्र और चेक वितरित किए गए।

**राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा रीट-2024 की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन**

# जिला कलक्टर डॉ जितेन्द्र कुमार एवं पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने अधिकारियों दिए निर्देश

**परीक्षा की सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त**

**जिला कलक्टर एवं पुलिस आयुक्त ने स्ट्रांग रूम में भी व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

स्टेट ब्यूरो/ परिष्कार पत्रिका



जयपुर। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन आगामी 27 एवं 28 फरवरी को आयोजित होने वाली राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा रीट-2024 के सफल आयोजन की तैयारियों में जुटा है। जिला कलक्टर डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी एवं पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने रविवार को परीक्षा के आयोजन को लेकर जयपुर के एक निजी विद्यालय के सभागार में बैठक ली। बैठक में समस्त केंद्र अधीक्षकों, अतिरिक्त केंद्र अधीक्षकों, प्रश्न पत्र समन्वयकों, ओएमआर समन्वयकों को सफल बनने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

बैठक में अधिकारियों को परीक्षा के आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की सख्त हिदायत दी गई। बैठक के पश्चात जिला कलक्टर डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी एवं पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने स्ट्रांग रूम का दौरा किया एवं सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने एवं समस्त आवश्यक इंतजाम दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। जिला परीक्षा संचालन समिति के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर पूर्व गोपाल सिंह शेखावत ने जानकारी दी कि परीक्षा के आयोजन के दौरान पेपर लीक एवं नकल सहित अन्य प्रकार की विधि विरुद्ध गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों के उपयोग की रोकथाम अधिनियम के कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों के उपयोग की रोकथामद्ध अधिनियम के यह हैं प्रावधान :** राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय अधिनियम-2022 (2022 का अधिनियम संख्याक 6) एवं संशोधन अधिनियम 2023 (2023 का अधि संख्याक-17) की धारा 10 (1) के अन्तर्गत 3 वर्ष का कारावास और एक लाख रुपये का जुर्माना से दंडित किया जाएगा] जुर्माना नहीं होने पर 9 माह के कारावास से दण्डित किया जाएगा। इसी तरह धारा 10 (2) के अन्तर्गत 10 वर्ष का कारावास जो आजीवन कारावास तक का हो सकेगा और जुर्माना 10 लाख रूपये जो 10 करोड़ तक का हो सकेगा से दण्डित किया जाएगा। जुर्माना नहीं देने पर 5 वर्ष का कारावास और हो सकेगा। इस प्रकार के संगीन अपराध करने पर दोषी व्यक्तियों की सम्पत्ति की कुर्की और अधिहरण भी किया जा सकेगा।

### उस्ताद अब्दुर रशीद ने किया ठंडी प्याऊ का उद्घाटन

का.सं./ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मालपुरा गेट चौराहे के पास स्थित सिपाहियान कब्रिस्तान के अखाड़ा उस्ताद अब्दुल रशीद चौहान ने 17 नंबर मैजिक स्टैंड कब्रिस्तान के गेट के पास में लगभग दो लाख की लागत लगाकर ठंडी प्याऊ का उद्घाटन किया। इस दौरान सभी साथियों और आसपास के दुकानदारों और स्थानीय जमकर प्रशंसा की और कार्य को सराहा। प्रतिदिन यहां से हजारों लोगों का आवागमन रहता है। एक रेस्ट पॉइंट के आधार पर सभी यहां रुकते है, प्यास लगने पर के इधर-उधर आते-जाते नजर आते थे, काफी समय से प्रतिदिन यह नजारा देखकर अखाड़ा उस्ताद अब्दुल रशीद चौहान ने प्रेरणा ली और आगामी गर्मी में आमजन को राहत देने के लिए ठंडी प्याऊ का उद्घाटन कर आमजन को राहत दी। इस दौरान सभी साथियों और आसपास के दुकानदारों और सभी से अपील की ठंडी प्याऊ को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। सभी को मिठाइयां वितरित की गई। प्याऊ की देखरेख प्रतिदिन होती रहेगी, स्वच्छ पानी का विशेष ध्यान रखा जाएगा और सभी प्रदेशवासियों को त्यौहार शब ए बारात, रमजान, ईद, होली सभी की शुभकामनाएं दी।

चन्द्रभान सक्सेना

# जन आकांक्षाओं पर शत-प्रतिशत खरा उतरेगा लोक कल्याणकारी बजट : जोगराम पटेल

### सांसद मंजू शर्मा के साथ मीडिया से रूबरू हुए जिला प्रभारी मंत्री

कासं. वि.वि. परिष्कार पत्रिका



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट में हर वर्ग हर तबके के लिए सौगातें दी हैं। बात चाहे मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली योजना के लाभान्वितों के घरों पर निशुल्क सोलर प्लांट्स लगाकर प्रतिमाह 150 यूनिट्स निशुल्क बिजली हो या फिर सवा लाख युवाओं के रोजगार के सपने को साकार करने का संकल्प, महिला, युवा, किसान तथा गरीब को समर्पित बजट में सभी वर्गों को संबल दिया गया है, जिससे विकसित राजस्थान के सपने को मूर्त रूप मिल सकेगा। प्रदेश को विकास पथ पर अग्रसर करने वाला बजट आपणो अग्रणी राजस्थान की संकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा। यह कहना है जयपुर जिले के प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल का।

पटेल ने यह बात जिला कलक्ट्रेट में सांसद मंजू शर्मा के साथ प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय शहरी विकास योजना के तहत लगभग 12 हजार 50 करोड़ रुपये के कार्य शहरी क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखेंगे वहीं, 35 लाख से अधिक किसानों को 25 हजार करोड़ का ब्याज मुक्त फसली ऋण किसानों के लिए बड़ी राहत वाल फैसला साबित होगा।

वहीं, सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने की इच्छाशक्ति हमने संकल्प पत्र में अभिव्यक्त की थी, उन वादों को पूरा करने के मजबूत इरादों की झलक इस बजट में देखने को मिली है। राजस्थान सरकार का लोक कल्याणकारी बजट जयपुर की तस्वीर में विकास के रंग भरेगा। एक ओर मेट्रो और एलिवेटेड रोड से जयपुर का संरचनात्मक ढांचा मजबूत होगा तो वहीं, नवीनत बजट के प्रावधान जयपुर की विश्व प्रसिद्ध विरासत के संरक्षण में मील का पत्थर साबित होंगे।

मंजू शर्मा ने कहा कि फागी के मोहनपुरा एवं बस्सी के बांसखोह में नवीन औद्योगिक क्षेत्र से ना केवल जिले में निवेश की संभावनाएं बढ़ाएंगे बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलने का भी काम करेंगे। सांगानेर में नवीन महाविद्यालय एवं कोटखावदा में नवीन कन्या महाविद्यालय से युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए बेहतर विकल्प प्रदान करेंगे।


**प्रभारी सचिव ने ली अधिकारियों की बैठक :** शनिवार को जयपुर जिले की प्रभारी सचिव श्रेया गुहा ने कलक्ट्रेट में जिला अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को बजट घोषणाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं के लिए आवश्यक भूमि आवंटन की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए साथ ही जिन घोषणाओं के लिए भूमि की आवश्यकता नहीं है उनके त्वरित क्रियान्वयन के लिए विभागीय अधिकारी हर संभव प्रयास सुनिश्चित करें।

बैठक में जिला कलक्टर डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी, नगर निगम जयपुर हैरिटेज अरुण कुमार हसिजा, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त डॉ राजेश्वर सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम विनीता सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय आशीष कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर तृतीय कुंतल विश्नोई, अतिरिक्त जिला कलक्टर चतुर्थ देवेन्द्र कुमार जैन, अतिरिक्त जिला कलक्टर पूर्व गोपाल सिंह शेखावत, अतिरिक्त जिला कलक्टर उत्तर मुकेश कुमार मूंड, अतिरिक्त जिला कलक्टर दूदू गोपाल परिहार सहित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों ने शिरकत की।

**स्वामी श्रद्धानंद जयंती का आयोजन**

# समता मूलक गुरूकुलीय शिक्षा और उदार वैश्विक मानवतावादी वैदिक मूल्यों से बिछुडों की शुद्धि अभियान से होगी सच्ची श्रद्धांजलि

ब्यूरो चीफ रविसिंह / परिष्कार पत्रिका






जयपुर। विदेशी आक्रांताओं द्वारा तहस-नहस भारतीय वैदिक संस्कृति के आधार गुरुकुलीय शिक्षा को गुरुकुल कांगड़ी स्थापना द्वारा पुनर्जीवित करने तथा उदार वैश्विक मानवता वादी वैदिक मूल्यों के प्रचार प्रसार से लाखों बिछुडों विधर्मीओं की घर वापसी कराने वाले अमर शहीद स्वामी श्रद्धानंद को अपनाना होगा। उक्त कथन वैदिक चिंतक ओउमाश्रय सेवाधाम संस्थापक यशपाल यश ने स्वामी श्रद्धानंद जयंती पर व्यक्त किए। यश ने कहा कि जामा मस्जिद की गुबंद पर वैदिक ऋचाओं से विश्व बंधुत्व का संदेश देने वाले स्वामी श्रद्धानंद का आत्मबल ही था जो जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद कांग्रेस का अखिल भारतीय अधिवेशन अमृतसर में करा सके। यश ने कहा कि समतामूलक गुरूकुलीय शिक्षा जहां सभी को समान खान-पान व्यवहार मिले चाहै वो श्रीकृष्ण जैसा राजकुमार हो या सुदामा जैसा गरीब तब भारत और विश्व शांति और समृद्धि पाएगा। यश ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद ने अपने आत्म बल से दिल्ली के चांदनी चौक में अंग्रेजी संगीनों के समक्ष सीना तान दिया था तब संगीनें झुकी थी। ओउमाश्रय संचालन सहयोगी भगवान दास गर्ग ने बताया कि जयपुर को भिखारी रहित बनाकर इनके बच्चों को ओमाश्रय सेवा धाम भी गुरुकुलीय अनुशासन में आधुनिक शिक्षा देने हेतु संकल्पित है। निराश्रित से यज्ञ कर्ता बने राजेश ने यज्ञ में आश्रमवासियों व आगुन्तुकों से विशेष मंत्रों द्वारा आहुतियां दिलवाकर शांति पाठ किया। डॉ पंकज गुप्ता एके एस टिकियानी, बैंक अधिकारी रहे जी पी सोनी राजकुमार मंगल, मानवता की सेवा टीम के बाबूलाल सिंघल सीमा सिंघल मीणा सहित अनेक गणमान्यों ने आहुतियां दी।

## सोच के मुताबिक ढ़लता है व्यक्तित्व

**मनुष्य अपने मन से नैकारात्मक विचारों को धकेलकर आस्था और साहस के विचारों को जगह दे तो उसका समूचा व्यक्तित्व बदल सकता है।**

डेंजिल नाजरथ/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। अपने अंदर आत्मविश्वास की भावनाओं को बढ़ाने के लिए अपने मस्तिष्क को विश्वास के सुझाव देना बहुत असरदार होता है। अगर आपके मस्तिष्क में असुरक्षा और अयोग्यता के विचार प्रबलता से भरे हुए हो तो ऐसा इस वजह से है क्योंकि इसी तरह के विचार लंबे समय से आपके चिंतन पर हावी रहे हैं। आपको अपने मस्तिष्क को विचारों का दूसरा और अधिक सकारात्मक पैटर्न देना चाहिए। ऐसा आस्था और विश्वास के लगातार सुझाव देकर किया जा सकता है। यदि आप अपने मस्तिष्क को फिर से प्रशिक्षित करना चाहते हैं और इसे शक्ति उत्पादक प्लांट में बदलना चाहते हैं तो दैनिक जीवन की व्यस्त गतिविधियों में विचारों का अनुशासन जरूरी है। आपके रोजमर्रा के जीवन के बीच में भी विश्वास के विचारों को चेतना के अंदर धकेलना संभव है। इंसान के मन में रोज तरह-तरह के विचार आते हैं। अगर उसके विचारों का सिलसिला नकारात्मक है तो वह दिन भर में कई बुरी बातें सोचेगा और बुरे परिणामों की कल्पना करेगा। यह उसके लिए कतई अच्छा नहीं है। लेकिन यदि वह अपने मन से नकारात्मक विचारों को धकेलकर आस्था और साहस के विचारों को जगह दे तो उसका समूचा व्यक्तित्व बदल सकता है। अगर आप असफल होने की कल्पना करते हुए किसी ग्राहक के पास जाएंगे तो आपको अपना सामान बेचने में सफलता हासिल कैसे हो सकती है। सकारात्मक बातों को अपने मन में बिठाएं, अपने नकारात्मक विचारों का सिलसिला बदलें और असुरक्षा की भावना को जड़ से खत्म करें। हम अपनी सोच के आधार पर ही असुरक्षा या सुरक्षा की भावना का निर्माण करते हैं। साहस और विश्वास के महत्वपूर्ण विचारों द्वारा अपने जीवन में सकारात्मक परिणाम हासिल किए जा सकते हैं।

## परोपकार की महत्ता को समझें

**दूसरों के हित के लिए अपने जीवन को खपाने वाले से बढ़कर सम्मानीय दुनिया में और कोई नहीं होता। परहित में असीमआनंद है।**

शीला देवी / परिष्कार पत्रिका

जयपुर। गुलाब का फूल पूरे उपवन में अपनी खूबसूरती और खुशबू के लिए विख्यात था। जो भी उसके पास से गुजरता, उसे एकटक निहारे बगैर नहीं रह पाता। उसकी खुशबू तो ऐसी कि लोग अपनी सुध-बुध भूल जाएं। इसकी खुशबू और खूबसूरती से प्रभावित होकर लोग इन फूलों को तोड़कर अपने साथ ले जाने लगे। इससे बेचारा गुलाब बेहद दुखी रहने लगा। पौधे की शाखों पर गुलाब के साथी निरंतर पटते जा रहे थे और वह चाहकर भी कुछ नहीं कर पा रहा था। आखिरकार गुलाब अपनी परेशानी लेकर एक जानकार शख्स के पास पहुंचा। उस शख्स ने गुलाब की समस्या को ध्यान से सुना। इसके बाद उसने गुलाब से कहा इस दुनिया की रीत यही है कि जो आपके साथ जैसा व्यवहार करता है, आपको भी उसके साथ वैसा ही व्यवहार करना चाहिए। दुर्जनों के साथ दुष्टता करना ही उचित नीति है। यदि तुमने ऐसा नहीं किया तो यह संसार तुम्हारा अस्तित्व मिटा देगा। गुलाब ने उस व्यक्ति की सलाह गांठ बांध ली। उसने लौटकर आने के बाद अपनी सुरक्षा के लिए अपनी डालियों पर कांटे पैदा करना आरंभ कर दिया। अब जो कोई भी उसकी ओर हाथ बढ़ाता, वह कांटों से उसे छलनी कर देता। इससे लोगों का उसकी ओर आना कम हो गया। कुछ दिनों के बाद गुलाब के उस पौधे को एक साधु से सत्संग का भी अवसर मिल गया। साधु ने उसे बताया यदि अपने जरिये किसी का भला होता है तो उससे अच्छी बात और क्या हो सकती है। परोपकार में अपने जीवन को खपाने वाले से बढ़कर सम्माननीय दुनिया में और कोई नहीं होता। गुलाब को अपनी गलती का एहसास हो गया। अब उसे दोबारा माहौल में अपनी खूबसूरती और सुवास बिखेरने में खुशी मिलने लगी। आज गुलाब ने दुनिया में जो सम्मान पाया है, वह अपने कांटों के बल पर नहीं, वरन अपने पुष्पों के सौंदर्य-सौरभ के बल पर अर्जित किया है।

**प्रभारी मंत्री हेमन्त मीणा की पत्रकार वार्ता**

# युवा भ्रमित न हों, मेहनत करें, परीक्षाओं में पारदर्शिता के लिए कटिबद्ध

**प्रभारी मंत्री राज्य बजट विकसित राजस्थान के संकल्प का आईना, समय पर होगी घोषणाओं की क्रियान्विति**

विवि./ परिष्कार पत्रिका



जयपुर। उदयपुर जिले के प्रभारी तथा राजस्व एवं उपनिवेशन मंत्री हेमन्त मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा करने की ओर अग्रसर है। राज्य बजट 2025-26 में जहां एक तरह ढांचागत विकास पर फोकस किया गया है, वहीं दूसरी ओर प्रत्येक वर्ग के हितों का भी ध्यान रखा है। प्रदेश के पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित और सवंर्धित करने को भी प्राथमिकता दी गई है।

प्रभारी मंत्री मीणा रविवार को उदयपुर में बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक के उपरान्त पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पूर्व में आयोजित भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक की समस्या रही, लेकिन हमारी सरकार ने इस पर पूर्ण अंकुश लगाया है। आगामी समय में एक लाख से अधिक पदों पर विभिन्न भर्ती परीक्षाएं होनी हैं। युवा भ्रमित नहीं हो, पूरी मेहनत करें। सरकार की ओर से आश्वस्त करता हूं कि सभी परीक्षाएं पारदर्शिता के साथ आयोजित होंगी।

प्रभारी मंत्री ने बजट में उदयपुर को मिली सौगातों का जिक्र करते हुए कहा कि उदयपुर के ऋषभदेव सहित दक्षिणी राजस्थान के महत्पवूर्ण धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक केंद्रों को शामिल करते हुए 100 करोड़ की लागत से ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट विकसित किया जएगा। उदयपुर शहर में जलपूर्ति के सर्विस लेवल, सप्लाई अंतराल व प्रेशर में सुधार संबंधी कार्य होंगे। उदयपुर में इंस्टीट्यूट ऑफ माइंस की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा ढांचागत विकास, स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देनेए पर्यटन विकास, शैक्षिक उन्नयन, खेल सहित सभी क्षेत्रों में उदयपुर में अभूतपूर्व सौगातें मिली हैं।

बहुमंजिला इमारतों के लिए जलापूर्ति की समस्या से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री शहरी जल जीवन मिशन की शुरूआत की है। इससे इस समस्या का स्थायी समाधान होगा। बिजली से जुड़े सवाल का उत्तर देते हुए प्रभारी मंत्री ने आमजन को आश्वस्त किया कि 100 यूनिट निःशुल्क बिजली यथावत रहेगी। प्रेसवार्ता के दौरान सांसद डॉ मन्नालाल रावत, विधायक ताराचंद जैन, फूलसिंह मीणा, उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली आदि भी उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर ने निर्देश पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के 147 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी

**गिव अप अभियान के तहत 28 फरवरी तक हटवाया जा सकता है सूची से नाम**

**जिले की उचित मूल्य दुकानों से प्राप्त किये जा सकते हैं नाम हटवाने हेतु आवेदन पत्र**

का.सं / परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अपात्र लाभार्थियों के खिलाफ जिला रसद अधिकारी ने सख्त कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिला रसद अधिकारी त्रिलोकचंद मीणा ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार कार्यालय जिला रसद अधिकारी के द्वारा नोटिस जारी किये जा रहे हैं। जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम द्वारा 66 अपात्र लाभार्थियों एवं जिला रसद अधिकारी जयपुर द्वितीय द्वारा 81 अपात्र लाभार्थियों सहित अब तक कुल 147 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी किये गये हैं।

उन्होंने बताया कि गिव अप अभियान के अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा सूची की निष्कासन श्रेणी में सम्मिलित परिवार यथा ऐसे परिवार जिनमें कोई भी एक सदस्य सरकारी, अर्द्ध सरकारी, स्वायत्तशासी संस्थाओं में नियमित कर्मचारी या अधिकारी हो अथवा 1 लाख रुपये वार्षिक से अधिक पेंशन प्राप्त करता है अथवा जिसके सभी सदस्यों की कुल आय 1 लाख रुपये वार्षिक से अधिक हो या निजी चौपहिया वाहन धारक या आयकरदाता हो सम्मिलित है, को प्रेरित कर खाद्य सुरक्षा सूची से अपना नाम स्वेच्छा से पृथक करवाए जाने हेतु आवेदन करवाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले अपात्र व्यक्ति के लिये खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा 3 दिसंबर, 2024 से गिव अप अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अन्तर्गत अपात्र व्यक्ति अपना नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटवाने हेतु आवेदन कर सकते हैं। 28 फरवरी 2025 तक स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की जायेगी।

उल्लेखनीय है कि जयपुर शहर में अब तक हजारों परिवारों द्वारा गिव अप अभियान के अन्तर्गत आवेदन कर अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाया गया है। पूर्व में उक्त अभियान की अन्तिम तिथि 31 जनवरी 2025 निर्धारित थी परन्तु वर्तमान में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा उक्त अवधि को 28 फरवरी 2025 तक बढ़ाकर अपात्र व्यक्तियों को स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाये जाने हेतु अवसर प्रदान किया जा रहा है।


Reg. No. : 243/81
Mob. : 8852009000 9351780937

**Sanjay Memorial Sr. Sec. School**

17, Janta Nagar, Sodala, JAIPUR - 302006

प्रवेश प्रारम्भ

PLAY GROUP TO 12TH
HINDI/ENGLISH MEDIUM

No Admission Fee

RTE से 25% आरक्षित

9वीं से 12वीं तक स्कूल कोचिंग सुविधा

11वीं एवं 12वीं कला वर्ग के छात्रों के लिए RAS फाउण्डेशन एवं सरकारी परीक्षाओं के लिए विशेष तैयारी

वाणिज्य वर्ग के विद्यार्थियों को 11वीं कक्षा से ही CA एवं CS फाउण्डेशन की तैयारी

स्कूल की विशेषताएँ

Free Dress for New Admission

- कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष तैयारी
- बोर्ड कक्षाओं अनुभवी शिक्षकों द्वारा विशेष तैयारी
- विज्ञान, वाणिज्य एवं कला में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम प्रवेश
- विज्ञान, कम्प्यूटर एवं गृह विज्ञान की विशेष प्रयोगशाला
- पिछले 40 वर्षों से सभी बोर्ड कक्षाओं का 100 प्रतिशत परिणाम
- 10वीं कक्षा में 80 प्रतिशत एवं अधिक अंक लाने पर फीस में विशेष छूट
- स्पोर्ट्स विद्यार्थियों एवं दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए फीस में विशेष छूट
- सभी कक्षाएँ वातानुकूलित
- सभी नये प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए फ्री युनिफॉर्म

हॉस्टल व वाहन सुविधा

निदेशिका
( सैयद इशरत ज़बी )

### आईफा-2025 राजस्थान में बॉलीवुड का जादू बिखेरने का सुनहरा मौका

# राजस्थान पर्यटन विभाग ने लॉन्च की पोज लाइक, स्टार सोश्यल मीडिया प्रतियोगिता

**का.सं. / परिष्कार पत्रिका**

जयपुर। राजस्थान ऐतिहासिक धरोहरों और समृद्ध संस्कृति के लिए मशहूर राजस्थान अब भारतीय सिनेमा के उत्सव में नई चमक जोड़ने जा रहा है। आईफा-2025 के तहत राजस्थान पर्यटन विभाग ने रोमांचक सोशल मीडिया प्रतियोगिता पोज लाइक, स्टार लॉन्च की है, जिसमें भाग लेकर सिनेमा प्रेमियों को आईफा 2025 का टिकट जीतने का सुनहरा अवसर मिलेगा। इस अनूठी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को राजस्थान के किसी प्रसिद्ध किले, महल, गलियों या सांस्कृतिक स्थलों पर बॉलीवुड के किसी प्रसिद्ध दृश्य या पोज को रीक्रिएट करना होगा। इस तस्वीर या वीडियो को अपने इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर पोस्ट करना आवश्यक होगा। साथ ही, कैप्शन में रीक्रिएटिंग इंडियन सिनेमा मैजिक इन राजस्थान लिखना होगा।

**प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए नियम :** / राजस्थान टूरिज्म और /आईफा को टैग करें। : पोज लाइक, स्टार, आईफा 2025, लाइट कैमरा राजस्थान हैश टैग का उपयोग करें। पोस्ट की गई तस्वीरें और वीडियो मौलिक होने चाहिए। कोई भी कॉपीराइटेड कंटेंट मान्य नहीं होगा। पोज ऐसा होना चाहिए जो राजस्थान की सांस्कृतिक गरिमा और सिनेमा की भव्यता को प्रदर्शित करे।

टॉप 5 विजेताओं को मिलेगा आईफ-2025 का टिकट। इस प्रतियोगिता में पांच विजेताओं को आईफा-2025 का टिकट जीतने का अवसर मिलेगा। विजेताओं का चयन उनके पोज की उत्कृष्टता, ऐतिहासिक स्थलों के रचनात्मक उपयोग और सोशल मीडिया पर लाइक्स, कमेंट्स एवं शेयर की संख्या के आधार पर किया जाएगा। राजस्थान, अपनी ऐतिहासिक विरासत और स्वर्णिम रेतीली भूमि के कारण न केवल पर्यटन के लिए बल्कि फिल्म शूटिंग के लिए भी एक आदर्श स्थल है। यहां के भव्य महल, किले और सांस्कृतिक स्थल कई प्रसिद्ध फिल्मों और वेब सीरीज का हिस्सा बन चुके हैं। यह प्रतियोगिता पोज लाइक, स्टार प्रतियोगिता राजस्थान को वैश्विक स्तर पर नई पहचान देने के साथ-साथ भारतीय सिनेमा के प्रशंसकों को जश्न मनाने का अनूठा अवसर प्रदान करेगी।

# मातृ-पितृ दिवस और पुलवामा के शहीदों को नमन कार्यक्रम का आयोजन




**का.सं. / परिष्कार पत्रिका**

जयपुर। महात्मा गांधी राजकीय विधालय कावेरी पथ मानसरोवर में राज्य सरकार के आदेशा अनुसार मातृ-पितृ दिवस और पुलवामा के शहीदों को नमन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सम्मानीय अतिथि कर्नल देवानंद लोहा साहब कमांडो मुकेश दोई, प्रधानाध्यापिका अनु चौधरी, कार्यक्रम संयोजक डॉ संतोष कुमार जाकर, डॉ मोहन लाल, जितेंद्र ट्रेलर, श्याम सुन्दर, जितेंद्र वर्मा, दीपक और विधालय स्टाफ विद्यार्थियों के समक्ष कर्नल साहब ने आज के दिन की महत्व को राष्ट्रप्रेम से जोड़ते हुए देश सेवा को प्राथमिकता देते हुए विद्यार्थियों में देश के लिए हमेशा तैयार रहने के लिए प्रेरित किया, जो अनुकरणीय उदाहरण है। अंत में विधालय की प्रिंसिपल अनु चौधरी ने सभी अतिथियों और अध्यापकों को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया।

# प्रयागराज से लाए गए पवित्र जल से होगा जयपुर में शिवमहाभिषेक कुंभ स्नान और रूद्राक्ष वितरण

**ब्यूरो चीफ / परिष्कार पत्रिका**



जयपुर। छोटी काशी जयपुर एक ऐतिहासिक एवं पावन क्षण का साक्षी बनने जा रहा है। प्रयागराज महाकुंभ से लाए गए पवित्र जल से शिव महाभिषेकए दिव्य स्नान एवं रुद्राक्ष वितरण का एक भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। यह दिव्य एवं मंगलमय कार्यक्रम सिद्धेश्वर हनुमानमंदिर स्वेज फार्म नंदपुरी सोडाला जयपुर में संपन्न होगा। यह महायज्ञ संत शिरोमणि जगतगुरु दिवाकर द्वराचार्य अवधेशाचार्य महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न होगा। जिसमें श्रद्धालुओं को शिव कृपा एवं आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त करने का दुर्लभ अवसर मिलेगा। इस महान धार्मिक कार्यक्रम के संरक्षक अविनाश गहलोत कैबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार आयोजक धर्म फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक एवं महासचिव गब्बर कटारा, धर्म ध्वजा वाहक पंकज ओझा, मारुति कास्टिंग के प्रबंधक निदेशक राजन शर्मा एवं प्रमुख समाजसेवी अविनाश खंडेलवाल अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इनके अथक प्रयासों से यह आयोजन एक अद्वितीय और ऐतिहासिक धार्मिक अनुष्ठान बनने जा रहा है। इस आयोजन के प्रचार-प्रसार एवं धार्मिक महत्व को देखते हुए आज राजस्थान भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, राजस्थान सरकार के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, राजस्थान सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा, कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच एवं नारायण पचारिया, भाजपा प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल, जयपुर भाजपा जिला अध्यक्ष अमित गोयल, पूर्व प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा, की गरिमामयी उपस्थिति में इस पावन कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन किया गया।

इस अवसर पर धर्म ध्वजा वाहक पंकज ओझा ने बताया कि यह आयोजन सनातन धर्म की स्थापना का एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा और समरसता और एकता की भावना को जाग्रत करएसत्य सनातन धर्म को मजबूती प्रदान करेगा और भगवान भोलेनाथ की कृपा से भक्तों के जीवन में आध्यात्मिक उन्नति लाएगा।

इस अवसर पर गब्बर कटारा ने आयोजन की विशेषताओं एवं महत्व को विस्तार से समझाया। कि जो लोग किसी कारणवश महाकुंभ स्नान के लिए नहीं जा पाए उन्हें छोटी कशी जयपुर में स्नान और शिवाभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त होगा और समाज में धर्म के प्रति आस्था प्रबल होगी एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होगा।

इस भव्य आयोजन में धर्म फाउंडेशन के अध्यक्ष सुधीर जैन, शगुन ग्रुप के निदेशक जेडी माहेश्वरी, अलवर भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित जले सिंह, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नमित जैन, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा जयपुर देहात कृष्ण कुमार शर्मा, मोहन लाल शर्मा, अभिषेक शर्मा सहित कई गणमान्य नेता, धर्माचार्य समाजसेवी एवं श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

यह कार्यक्रम न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह समाज में सामाजिकएकता, भाईचारे एवं आध्यात्मिकता का संदेश भी देगा। भगवान शिव की कृपा से समस्त भक्तगण पुण्य लाभ अर्जित करेंगे एवं इस आयोजन के माध्यम से सनातन धर्म की दिव्यता सम्पूर्ण विश्व में प्रचारित होगी।

# ब्रह्मकुमारीज पीस पैलेस महाशिवरात्रि पर्व को आध्यात्मिक रूप से मनाने का लक्ष्य लिया

**संवाददाता / परिष्कार पत्रिका**



जयपुर। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर ब्रह्माकुमारी पीस पैलेस शाखा जयपुर की ओर से महाशिवरात्रि पर्व को आध्यात्मिक रूप से मनाने का लक्ष्य लिया गया, जिसमें परमात्मा शिव के गुणों को प्रकाशित करने हेतु अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हुए। जिनका उद्देश्य तनाव मुक्त जीवन, संबंधों में मधुरता, कार्य कुशलता आदि रहा। इसके लिए अनेक मंदिरों, स्कूल, सार्वजनिक स्थलों पर चित्र प्रदर्शनी व शोभायात्रा के कार्यक्रम आयोजित हुए। पीस पैलेस संचालिका बीके हेमलता ने बताया की शिव परमात्मा हमारे मनोविकारों को पी लेते हैं इसलिए उन्हें नीलकंठ कहा जाता है व राजयोग का निरंतर अभ्यास हमें अपनी कर्मेंद्रियों का राजा बनाता है जिससे हम अनेक व्यसनों व मानसिक रोगो से मुक्त हो जाते हैं। साथ ही साथ पीस पैलेस सेवा केंद्र पर तीन दिवसीय 12 ज्योर्तिलिंगम झांकी का भी आयोजन किया गया। झांकी में सैकड़ो भक्तों ने शिवदर्शन का लाभ लिया। बीके कविता ने मेडिटेशन द्वारा शांति की अनुभूति कराई। झांकी का उद्घाटन प्रतिदिन दीप प्रज्वलन के द्वारा किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद वार्ड नंबर 7 संतोष अग्रवाल, विद्याधर नगर मंडल भाजपा अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, विश्वकर्मा एसोसिएशन अध्यक्ष जगदीश सोमानी, शिवशक्ति स्कूल के डायरेक्टर ओम प्रकाश चौधरी शामिल हुए। लगभग 1 महीने तक चली इस कार्यक्रम श्रृंखला का पीस पैलेस संचालिका बीके हेमलता के द्वारा कुशल नेतृत्व किया गया।

# खाद्य कारोबारी आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित भोजन उपलब्ध कारवाएं



**ब्यूरो चीफ / परिष्कार पत्रिका**

जयपुर। आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा एवं ड्रग कंट्रोल राजस्थान के निर्देशानुसार मालवीय नगर अपेक्स सर्किल के पास खाद्य कारोबारियों के लिए फूड सेफ्टी नियमों की जानकारी हाइजीन सेनिटेशन और भोजन के रखरखाव के संबंध में फूड सेफ्टी सुपरवाइजर हेतु फोसटैक ट्रेनिंग आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉक्टर हंसराज भढ़ालिया ने बताया कि इस कार्य म में लगभग तीस फर्मों के एक सौ से अधिक खाद्य व्यापारी शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान एच गुईटे ने खाद्य कारोबारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपका उद्देश्य आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित भोजन उपलब्ध करवाना होना चाहिए। विभाग की ओर से समय-समय पर इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने प्रतिभागियों को फूड सेफ्टी के नियमानुसार कार्य करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही आह्वान भी किया कि फूड सेफ्टी विभाग और खाद्य कारोबारी पारस्परिक सहयोग से आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित भोजन उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

आयुक्त महोदय ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए एवं फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड का विमोचन किया। एफएफएस एस ए आई से अधिकृत एजेंसी इंद्रप्रस्थ एकेडमी के प्रतिनिधि गौरव श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण प्रदान किया। विभाग की ओर से खाद्य सुरक्षा अधिकारी रतन गोदारा, सुशील चोटवानी, विनोद थारवान, रमेश यादव, राजेश नागर, नंदकिशोर कुमावत कार्यशाला में शामिल रहे।

# सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने राज्य एवं जिला स्तरी अम्बेडकर पुरस्कार के लिए मांगे आवेदन

**15 मार्च 2025 तक किए जा सकेंगे आवदेन। पुरस्कृत होने वाले व्यक्ति को मिलेगा 1 लाख रू तक का नगद पुरस्कार**

**ब्यूरो चीफ रवि सिंह/ परिष्कार पत्रिका**

जयपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत के निर्देश पर विभाग ने वर्ष-2025 के राज्य एवं जिला स्तरीय अंबेडकर पुरस्कार के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे हैं। निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव बचनेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल 2025 के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति जिला एवं राज्य स्तरीय अंबेडकर पुरस्कार-2025 दिए जाने हैं। उन्होंने बताया कि पात्र व्यक्ति निर्धारित प्रपत्र में 15 मार्च 2025 तक डाक अथवा व्यक्तिःश आवेदन जमा करवा सकता है।

अग्रवाल ने बताया कि जिला स्तरीय आवेदन संबंधित जिले के कार्यालय में जमा कराए जा सकते हैं, जबकि राज्य स्तरीय आवेदन निदेशालय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जयपुर में जमा कराए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि 15 मार्च के बाद आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पात्रता एवं अन्य जानकारियों के लिए आवेदक विभाग की वेबसाइट देख सकते हैं।

निदेशक ने बताया कि गत वर्षो में पुरस्कृत संस्था या व्यक्ति आवेदन नहीं करें। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र विभाग की वेबसाइट एवं जिले के जिलाधिकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

# भारतीय मजदूर संघ की मांगों के अनुरूप बजट प्रस्तुत करने पर संघ ने धन्यवाद प्रकट किया

**का.सं./ परिष्कार पत्रिका**



जयपुर। भारतीय मजदूर संघ राजस्थान प्रदेश राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट 2025-26 में भारतीय मजदूर संघ के मांगों के अनुरूप बजट प्रस्तुत करने पर हार्दिक स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित करता है। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री हरिमोहन शर्मा ने बताया कि यह बजट कर्मचारियों के आशानुरूप है, फिर भी इसमें कई और संशोधन की गुंजाइश है, जिसकी मांग भी भारतीय मजदूर संघ आज मुख्यमंत्री से करता है। उन्होंने कहा कि हम मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हैं कि उन्होंने कर्मचारी कल्याण हेतु कई नए एवं ऐतिहासिक फैसले लिए।

1 आगामी वर्ष में ऐसे कार्मिक, जिन्होंने अभी तक पदोन्नति हेतु एक बार भी अनुभव व सेवा अवधि में छूट का लाभ नहीं लिया हो, उन्हें 2 वर्ष की छूट दिये जाने की घोषणा जिससे उक्त छूट का लाभ अनुबन्ध के आधार पर नियमों के अन्तर्गत नियोजित कार्मिकों को भी दिया जाना प्रस्तावित किया है। यह एक स्वागत योग्य कदम है।

2 मंत्रालयिक कार्मिक, जेल प्रहरी, स्कूल व्याख्याता एवं प्रबोधक आदि के कैडर का पुनर्गठन करए उनके पदोन्नति के अवसरों में वृद्धि हेतु कार्यवाही।

3 समस्त मानदेय कर्मियों यथा-मिनी आंगनबाड़ी/ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता, सहयोगिनी, माँ-बाड़ी कार्यकर्ता, मिड डे मील कुक हेल्पर होम गार्ड्स एवं शिशु पालन गृह कार्यकर्ताओं इत्यादि के मानदेय में आगामी वर्ष में 10 प्रतिशत की वृद्धि किया जाना प्रस्तावित है, जिसका भारतीय मजदूर संघ द्वारा स्वागत करता है, साथ ही इन सभी कार्मिकों की सेवानिवृत्ति पर एकमुश्त देने का प्रावधान भी स्वागत हम स्वागत करते हैं।

4 अंशकालिक कार्मिक जैसे ग्राम प्रतिहारी, कुक आदि एवं एजेन्सी के माध्यम से नियोजित, संविदा कार्मिकों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि किए जाने एवं प्रदेश में छटे। राशन वितरण का कार्य संभाल रहे डीलर के कमीशन में भी 10 प्रतिशत वृद्धि का प्रावधान स्वागत योग्य है।

5 एजेंसी के माध्यम से कार्मिकों को संविदा पर नियोजित किये जाने की व्यवस्था को चरणबद्ध रूप से समाप्त कर कार्मिक विभाग के अधीन राजकीय संस्था का गठन किया जाने का प्रस्ताव स्वागत योग्य हैं। भारतीय मजदूर संघ सरकार से लगातार यह मांग करता आ रहा था। यह प्रस्ताव सरकार का ऐतिहासिक है।

6 सहकारी बैंक के अधिकारी/ कर्मचारियों को समर्पित अवकाश एवं सेवानिवृत्ति पर अनुपयोगी उपार्जित अवकाश का नकद भुगतान के रूप में लाभ दिए जाने की घोषणा की है।

7 सरकारी कर्मचारियों को एक अप्रैल, 2024 से बढ़ी हुई ग्रेज्युटी का लाभ देय है। अब यह लाभ केन्द्र सरकार के अनुरूप एक जनवरी, 2024 से दिया जाना स्वागत योग्य हैं।

8 न्यायिक सेवा के पेंशनर्स/ पारिवारिक पेंशनर्स को भी राज्य सरकार के अन्य पेंशनरों/ पारिवारिक पेंशनरों के अनुरूप 70 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 5 प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता दिया जाने का प्रस्ताव है।

9 सुशासन में पंचायती राज एवं नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों की महती भूमिका के दृष्टिगत इनके मानदेय में भी आगामी वर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि की जानी है।

10 ग्रिग एवं प्लेटफार्म वर्कर्स के उन्नयन व सामाजिक सुरक्षा हेतु असंगठित वर्कर्स डेवलपमेंट फण्ड रुपये 350 करोड़ का प्रावधान ऐतिहासिक कदम है।

11 बुजुर्ग/ विधवाओं इत्यादि हेतु मासिक पेन्शन 1100 रुपये से बढ़ाकर 1250 किया जाना स्वागत योग्य है।

12 सरकार का सरकारी विभागों एवं राज्य उपक्रमों में 1.25 लाख नई भर्ती की योजना प्रशंसनीय है।

भारतीय मजदूर संघ राजस्थान के मुख्यमंत्री का रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान देने के लिए धन्यवाद प्रेषित करता है।

भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री ने कहा कि उपरोक्त बिंदुओं में बजट वास्तव में स्वागत योग्य और दूरदर्शी है, लेकिन बजट घोषणा में कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों को शामिल नहीं किया गया है। हमें उम्मीद है कि सरकार जल्द ही नीचे दिए गए मुद्दों को संज्ञान में लेकर शीघ्र सकारात्मक कदम उठायेगी।

1 ईपीएस-95 पेंशनभोगियों को न्यूनतम पेंशन में वृद्धि की उम्मीद थी, लेकिन सरकार ने बजट में इस पर ध्यान नहीं दिया है।

2 महामंत्री भामस ने कहा कि भामस के मांगपत्र के अनुरूप आज के बजट में आंगनवाड़ी बहनों के लिए दस प्रतिशत मानदेय में वृद्धि एवं ग्रेच्युटी की घोषणा स्वागत योग्य है, परन्तु सेवानिवृति पर कितनी राशि ग्रेच्युटी पर दी जाएगी का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है।

अतः भारतीय मजदूर संघ राजस्थान प्रदेश यह मांग करता है कि हमारे डिमाण्ड चार्टर के अनुरूप सेवा निवृति पर पांच लाख की ग्रेच्युटी देने का स्पष्ट आदेश जारी करते हुए पेंशन के रूप में पांच हजार रूपये प्रतिमाह दिया जाए। साथ ही भाजपा की सरकार के वादे अनुसार मानदेय भी 13000 रूपये प्रतिमाह आदेश जारी किया जाए। जिससे कि बीएमएस की मांग जो सरकार ने वार्ता में वादा किया था पूर्ण हो सके एवं महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिल सके।

# महात्मा गांधी विद्यालय मानसरोवर में मनाया वार्षिकोत्सव







**भामाशाओं का किया सम्मान**

**ब्यूरो चीफ रवि सिंह/ परिष्कार पत्रिका**

जयपुर। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कावेरी पथ मानसरोवर में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भामाशाह के द्वारा 7 कंप्यूटर स्कूल को दान किए गए जिसमें तीन कंप्यूटर ऋषभ जैन सिद्ध हॉस्पिटल के द्वारा एक विनोद सैनी कैलाश शर्मा एवं अनिल के द्वारा दिया साथ ही बोर्ड परीक्षा में टॉपर विद्यार्थियों का भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया स्टेट अवॉर्डी वरिष्ठ अध्यापक विज्ञान लक्ष्मण सिंह के द्वारा अपने विषय में 100 में से 100 अंक लाने वाले तीन विद्यार्थियों को 10 ग्राम चांदी का सिक्का दिया गया साथी मैथ्स विषय में चार विद्यार्थी के 100 में से 100 अंक आने पर विषय अध्यापक पूनम बग्गा के द्वारा उनका सम्मान किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनु चौधरी ने सभी भामाशाह का सम्मान किया एवं सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उसके द्वारा विद्यालय के अभिभावकों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने मे साथ देने की सलाह दी।

# सेंट जोसफ कॉन्वेंट स्कूल में रंगारंग गुडलक पार्टी का आयोजन

**ब्यूरो चीफ रवि सिंह/ परिष्कार पत्रिका**





जयपुर। सेन्ट जोसफ कॉन्वेंट स्कूल प्रताप नगर जयपुर में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों की गुडलक पार्टी का आयोजन किया गया। कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम राजस्थानी फॉक डांस नाट्य प्रस्तुती कर सभी का मन मोह लिया। कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में बढ-चढकर भाग लिया एवं कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों का दिल से सहसम्मान कार्यक्रम में स्वागत किया। कार्यक्रम की एंकरिग कक्षा 9वीं के छात्र विवेक शर्मा ने की।

संस्था के प्राचार्य डॉ एस डी शर्मा ने कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने का आर्शीवाद दिया एवं कहा की जीवन का मूल मंत्र अनुशासन एवं समय का सदूपयोग है। संस्था के निदेशक मुदित विलियमस ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं कहा कि प्रयास करने वालो की कभी भी हार नही होती। जीवन में सतत प्रयास निष्ठा एवं बडों के प्रति आदर सफलता की कुंजी है। सचिव भावना विलियमस् ने जीवन जीने की कला के बारे में बताया कि जीवन में हमेशा आगे बढो एवं पूर्व में की गई गलतियों से सबक लेकर विकास का रास्ता अपनाओं। इस अवसर पर चार्टेड अकॉउन्टेंट कौशिक ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढाई।

# बजट घोषणाओं के जल्द क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री है संवेदनशील, शीघ्र क्रियान्वयन से मिलेगा त्वरित लाभ

**उप मुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री ने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर ली बैठक**

**का.सं./ परिष्कार पत्रिका**





भीलवाड़ा। राजस्थान सरकार में उप मुख्यमंत्री व भीलवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री प्रेमचन्द बैरवा ने कहा कि बजट घोषणाओं के जल्द व प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री व राज्य सरकार संवेदनशील है। बजट घोषणाओं के धरातल पर जल्द क्रियान्वयन से आमजन को इसका त्वरित लाभ मिलेगा। अधिकारी जल्द से जल्द इसकी क्रियान्विति करवाना सुनिश्चित करें।

उप मुख्यमंत्री व जिला प्रभारी मंत्री बैरवा रविवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में 2025-26 में की गई बजट घोषणाओ को जल्द क्रियान्वयन को लेकर आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बजट के तहत की गई समस्त घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए बेहद संवेदनशील हैं तथा बजट घोषणाओं को जल्द से जल्द धरातल पर उतारकर आमजन को बजट घोषणाओं से लाभान्वित करवाने का ध्येय रखते हैं। उन्होंने सभी जिला प्रभारी मंत्रियों तथा सचिवों को जिलों में भेज कर बजट घोषणाओं से संबंधित कार्यों जैसे भूमि चिन्हीकरण, भूमि आवंटन जैसे कार्यों में अधिक समय लगता है, के कार्योंमें शीघ्रता लाने के लिए निरंतर इसकी मॉनिटरिंग करने के उद्देश्य से प्रभारी मंत्रियों तथा सचिवों को निर्देशित किया गया है। प्रभारी मंत्री ने बजट में की गई समस्त घोषणाओं का पीपीटी प्रेजेंटेशन देखा तथा विभागों द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जिला प्रशासन तथा विभागों से बजट घोषणाओं में भूमि चिन्हीकरण तथा आवंटन में किए गए कार्यो को लेकर निर्देश प्रदान किए। बैरवा ने सुशासन के लिए आवश्यक सभी बिंदुओं पर चर्चा की तथा बजट घोषणाओं के साथ ही ई-फाइल प्रणाली, फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं, सीएमआईएस मुख्यमंत्री घोषणाओं एवं राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों की क्रियान्विति एवं संकल्प पत्र के बिन्दुओं की क्रियान्विति की समीक्षा कर केन्द्र एवं राज्य सरकार की ओर से संचालित विकास योजनाओं से आमजन को अधिकाधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

प्रभारी सचिव विशाल राजन ने कहा कि जिला प्रशासन बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को लेकर जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या जिनका राज्य स्तर से निवारण होना है उन्हें जल्द अवगत करवाये। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने प्रभारी मंत्री व प्रभारी सचिव को गत बजट 2024-25 घोषणाओं की प्रगति के बारे में जानकारी दी व बताया कि बजट घोषणा 2025-26 के धरातल पर जल्द से जल्द क्रियान्विति के लिए संबंधित अधिकारियों को भूमि के चिन्हीकरण, आवंटन सहित अन्य आवश्यक कार्यों के लिए दिशा निर्देश दे दिए गए हैं।

उप मुखमंत्री ने कलेक्ट्रेट परिसर में लाभ वितरण कार्यक्रम में लगाई गई विभिन्न योजनाओं की स्टॉल्स का किया अवलोकन, लाभार्थियों को किया लाभ वितरण : उप मुख्यमंत्री बैरवा ने भीलवाड़ा कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित लाभ वितरण कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं की लगाई गई स्टॉल्स का अवलोकन किया। चिकित्सा, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, राजीविका, समाज कल्याण सहित कुल 18 विभागों की स्टॉल्स लगाई गई।

उप मुख्यमंत्री ने स्टॉल्स का अवलोकन कर योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली साथ ही जिले के चिकित्सा, सामाजिक पेंशन सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को लाभ व मेधावी छात्राओं को स्कूटिया वितरित की गई। बैठक में सांसद दामोदर अग्रवाल, भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी, मांडल विधायक उदयलाल भडाणा, आसींद विधायक जब्बर सिंह, मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू, महापौर राकेश पाठक, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश मेहरा व प्रतिभा देवतिया, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी नगरविकास न्यास सचिव ललित गोयल सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# कुदरत ने जन्म-मृत्यु में कोई अंतर नहीं रखा, पर हमने ही जातियां बनाकर अंतर रखा

**रतन लाल निर्वाण/ परिष्कार पत्रिका**

नीमच। जातियो की ऊंच नीच की इतनी वार्तालाप चल रही है, एक दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिशे चल रही है, पहले कभी न सुनी ऐसी बातें और न देखी, इससे यह साबित होता है कि हमने डॉ अम्बेडकर के विचारों को नकारा और ना ही मान रहे हैं उनकी बातों को।

क्योंकि रोजाना आप लोगों के द्वारा वाट्स अप पर देवी-देवताओ के फोटोओ से भर दिया जाता है, जबकि अम्बेडकर ने कहा था कि धर्म का विनाश कर दो जातियां स्वत समाप्त हो जायगी, पर हम ही जिंदा रखना चाहते हैं।

**एक सवाल ऊंच नीच कहने वालों से** - सन 2021/22 में आप सभी ने देखा होगा, कोरोना वायरस का ये खतरनाक माजरा कि हर घर में मौत। कहीं दादा, दादी, मां, बाप, बेटा, बेटी, बहुओं को हास्पीटल में मरते देखा है। और डॉक्टर ने कहा वो आपके पिता की मृत्यु हो गई वे मरे पड़े हैं देख लो, और हम 100 कदम दूर से ही कह रहे हैं कि ठीक है। पास में जाकर भी नहीं देख रहे हैं, क्योंकि कहीं हमें कोरोना की बिमारी न लग जाए। क्योंकि कोरोना बिमारी ऐसी थी। लेकिन जिन सफाई कर्मी से हम इतनी नफरत करते थे उन्होंने ही हमारे परिवार के संस्कार किए। न हमने उन्हें हाथ लगाया, न उठाया, न शमशान ले गए और न दाह-संस्कार किया। फिर आप कौनसी जाति की बात कर रहे हो।

सबसे बड़ा अगर कोई हितेषी है तो वो सफाई कर्मी है जो आपकी अंतिम यात्रा पूरी करवाता है।

**रतनलाल निर्वाण, राष्ट्रीय अध्यक्ष, अभाधाआ समाज**

धानका जनजाति विकास एवं जन जागरण समिति ने सामूहिक विवाह सम्मेलन मैरिज गार्डन निमेड़ा में आयोजित किया

# धानका समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में पांच जोड़ें बंधे परिणय-सूत्र बंधन में

## पहली बार सामूहिक विवाह सम्मेलन मैरिज गार्डन में आयोजित किया गया।

ब्यूरो चीफ रविसिंह / परिष्कार पत्रिका





जयपुर। धानका जनजाति विकास एवं जनजागरण विवाह समिति ने 5 जोड़ों का आठवां सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन एम एस पैराडाईज निमेड़ा में किया। विवाह समिति के महामंत्री नवल किशोर तुर्किया ने परिष्कार पत्रिका को बताया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और मुख्य भामाशाह अनिल डाबी और सुनिल डाबी थे। सम्मेलन में धनराज नराणियां, औंकारमल लाम्बा, रामू गौरा, ओमप्रकाश सोलंकी, रामनारायण कायथ, ओमकारमल गहलोत, भंवरलाल कायथ नानोसर, श्रवण सिंह किरार परिष्कार पत्रिका विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता धमेन्द्र बूरी पूर्व सरपंच ने की। समिति ने सभी अतिथियों, भामाशाहों और सहयोगकर्ताओं का साफा और माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।




उन्होंने बताया कि समाज के युवक युवतियों के लिए कम खर्च में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें समिति की ओर से दाम्पत्य जीवन की शुरूआत के लिए आवश्यकता का सामान और पांच आभूषण दिए गए। लक्ष्मीनारायण तुर्किया की पत्नी और नवल किशोर तुर्किया की माताजी ने सभी जोड़ों को कन्यादान देकर मंगलमय दाम्पत्य-जीवन का आशीर्वाद दिया।



इससे पूर्व बैंड बाजे की मधुर स्वर लहरियों के बीच पांच दूल्हों की बारात विभिन्न रास्तों से होती हुई विवाह स्थल पर पहुंची और तोरण की रस्म पूरी की। इसके बाद वरमाला का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें सभी वर-वधू ने एक दूसरे को वरमाला पहनाई और वैदिक मंत्रोंचार के बीच सात फेरों के साथ विवाह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य नागरिकों और भामाशाओं ने विवाहित जोड़ों को विभिन्न वस्तुएं और कन्यादान देकर मंगलमय जीवन का आशीर्वाद दिया।




धानका जनजाति विकास एवं जन जागरण समिति भांकरोटा के अध्यक्ष मनोहर डाबी, महामंत्री ओमप्रकाश मास्टर खटवाड़ा, कोषाध्यक्ष नाथूलाल कायथ मुडिया रामसर, सुरेश गहलोत वरीष्ठ सलाहकार मंत्री और सामूहिक विवाह समिति के पदाधिकारी नवल किशोर तुर्किया, भंवर लाल कायथ नानोसर एवं गोरधन लाल डाबी भांकरोटा, ओंकारमल गहलोत झोटवाड़ा, लक्ष्मीनारायण पचेरवाल दुर्जनियावास, भेरू नाथ साहेब धावास, मोहनलाल खनगवाल माचवा, कानजी निर्वाण लाल कोठी, कानाराम देरान, पवन मौर्य सहित समस्त कार्यकारणी ने उपस्थित सभी अतिथियों और सहयोगियों का साफा और माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। साथ ही सामूहिक विवाह सम्मेलन में उपस्थित जनसैलाब का और अतिथियों का हार्दिक आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक विवाह सम्मेलन में उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक भोज में भोजन का आनंद लिया।



**समिति के महामंत्री नवल किशोर तुर्किया ने परिष्कार पत्रिका को बताया कि विवाह सम्मेलन में उपस्थित जन समूह के लिए भोजन की संपूर्ण व्यवस्था डाबी बिल हाइट होम प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सुनील डाबी की तरफ से की गई है। साथ ही सिद्धिराज कॉलोनाइजर की तरफ से निदेशक धनराज नाराणिया और उनके स्टाफ की तरफ से वर-वधू को फ्रिज, एलईडी, छत का पंखा, डिनर सेट प्रेस दीवार घड़ी एवं अन्य सामग्री मिलाकर एक लाख का सामान सामूहिक विवाह सम्मेलन में उपहार के रूप में देकर आशीर्वाद प्रदान किया। इसके लिए उन्होंने समिति की ओर से और उपस्थित धानका समाज की तरफ आभार प्रकट करते हुए शुभकामनाएं दी।**

परिष्कार पत्रिका परिवार ने प्रयागराज से लाए गए पवित्र जल का वितरण किया

# वरिष्ठजनों को महाशिवरात्रि से पूर्व प्रयागराज के महाकुंभ का अमृत घर-घर वितरित किया



ब्यूरो चीफ / परिष्कार पत्रिका

जयपुर। परिष्कार पत्रिका परिवार की मुख्य संरक्षक शीला देवी और प्रधान संपादक हेमलता किरार के नेतृत्व में महाशिवरात्रि के अवसर पर स्थानीय महिलाओं को प्रयागराज महाकुंभ से लाए गए पवित्र अमृत का वितरण किया गया।

महाशिवरात्रि से पूर्व कुंभ का अमृत पाकर स्थानीय निवासी खुश नजर आए। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक शीला देवी ने बताया कि परिष्कार पत्रिका परिवार द्वारा जो वरीष्ठजन कुंभ का स्नान नहीं कर पाएं उनके लिए घर बैठे ही यह अमृत उपलब्ध कराया गया। इससे श्रद्धालुओं को शिव कृपा और आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त करने का दुर्लभ अवसर मिलेगा। इस महान धार्मिक कार्य के लिए शायर सिंह किरार और उनकी टीम महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। महाकुंभ के अमृत को प्राप्त कर स्थानीय वरीष्ठ महिलाएं प्रभाती देवी, गीता देवी, लाली देवी, शांति देवी खनगवाल, अनिता देवी, भारती देवी, बिदाम देवी, मंगली देवी, प्रेम देवी, मीरा देवी सहित सभी महिलाओं ने अपनी खुशी जाहिर की और शीला देवी का धन्यवाद व आभार प्रकट किया। यह कार्यक्रम न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह समाज में सामाजिक एकता, भाईचारे एवं आध्यात्मिकता का संदेश भी देगा। भगवान शिव की कृपा से समस्त भक्तगण पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।

## यातायात जागरूकता अभियान के तहत विद्यार्थियों को किया जागरूक

ब्यूरो चीफ / परिष्कार पत्रिका

जयपुर। पुलिसउपायुक्त यातायात के



निर्देशन में आमजन को यातायात का सुगम संचालन एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे यातायात जन-जागरूकता अभियान के तहत कैंब्रिज सीनियर सैकंडरी स्कूल न्यू लोहा मंडी सीकर रोड संस्कृति चिल्ड्रन एकेडमी मुरलीपुरा जयपुर के छात्र-छात्राओं को जेब्रालाइन से सड़क पार करने, नाबालिक बच्चों द्वारा वाहन नहीं चलाने, लाल बत्ती होने पर अपने वाहन को स्टॉप लाइन की पालना करने के साथ ही हेलमेट का स्ट्रीप लगाने, सीट बेल्ट का उपयोग करने एवं वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात नहीं करने, आगे के वाहन से सुरक्षित दूरी बनाए रखने तथा दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करके अच्छा मददगार बनने आदि यातायात नियमों की जानकारी दी गई एवं पम्पलेट पोस्टर वितरण किए गए, इस जागरूकता कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाध्यापक अध्यापकगण एवं वर्गों सांस्कृतिक संस्था के सदस्य भी उपस्थित थे।

## मुकेश वर्मा ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त की

ब्यूरो चीफ / परिष्कार पत्रिका




जयपुर। सांगानेर निवासी मुकेश वर्मा ने एपेक्स विश्वविद्यालय जयपुर की ओर से पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उन्हें यह उपाधि ए क्रिटीकल ऐनालिसिस ऑन चाइल्ड एब्यूज एण्ड नेगलेट इन इंडिया विथ स्पेशियल रेंफरेंस टू द पॉस्को एक्ट : ए क्रुसल स्टेडी विषय पर शोध के लिए प्रदान की गई। उन्होंने अपना शोधकार्य डॉ नेहा शर्मा के निर्देशन में पूरा किया। पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर मुकेश वर्मा को उनके परिवारजन और मित्रों ने शुभकामनाएं प्रकट की।


## हार्दिक शुभकामनाएं एवं आभार



धनराज नराणिया
निदेशक
सिद्धी राज कॉलोनाईजर
मो. 9636092692

सामूहिक विवाह सम्मेलन में सहयोकर्ताओं और सभी गणमान्य नागरिकों का समिति की तरफ से हार्दिक आभार।



नवल किशोर तुर्किया
महामंत्री
सामूहिक विवाह समिति
मो. 9352026330

## हार्दिक शुभकामनाएं

सभी पाठकों एवं प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं



हेमलता किरार एवं रविसिंह किरार
प्रधान सम्पादक सम्पादक
परिष्कार पत्रिका परिवार


धुलेश्वर गार्डन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

# कैथलीनों आई फाउंडेशन ने जयपुर में किया चिकित्सा शिविर आयोजन और स्मारिका का विमोचन

ब्यूरो चीफ रवि सिंह/ परिष्कार पत्रिका




जयपुर। कैथलीनों आई फाउंडेशन के तत्वावधान में विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा शिविर और स्मारिका का विमोचन किया गया।

कैथलीनों आई फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष माईकल कैथलीनों ने परिष्कार पत्रिका को बताया कि चिकित्सा शिविर के मुख्य अतिथि सिविल लाईन विधायक गोपाल शर्मा और माईनोरिटी कमिशन के अध्यक्ष रफीक खान ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इससे पूर्व सेंट जेवियर्स चर्च के फादर अश्विन एसजे ने प्रार्थना की। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।





कार्यक्रम में सभी चिकित्सा शिविर लाभान्वितों को अल्पाहार भी वितरित किया गया।



इंटरनल हॉस्पीटल, दृष्टि आई हॉस्पीटल, लवनी डेंटल के सहयोग से आयोजित कैम्प में बड़ी संख्या में लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और निःशुल्क चिकित्सा शिविर की सेवाओं का लाभ लिया। इस अवसर पर परिष्कार पत्रिका के निदेशक श्रवण सिंह किरार, रविसिंह किरार, डेंजिल नाजरथ, रामनरेश, समीर पंवार सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## जरूरतमंदों को सूखी राशन समाग्री का वितरण



परिष्कार पत्रिका जयपुर। 15 फरवरी को कैथलीनों आई फाउंडेशन के तत्वावधान में जरूरतमंदों को मदर्स मील किट का वितरण किया। इससे पूर्व हाल ही में एसएमएस मेडीकल कॉलेज की प्रो डॉ सुधा भार्गव के निधन पर उनके चित्र पर पुष्पांजली कर और दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजली दी गई। कार्यक्रम में रिचर्ड डीसा मस्कट ने सभी जरूरतमंदों को किट का वितरण किया। इस अवसर पर रविसिंह किरार, अशोक कुमार सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।


## महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सभी पाठकों को हार्दिक शुभकामनाएं



सरोज वर्मा एवं रामप्रसाद वर्मा
सेवानिवृत्त वरीष्ठ बैंक प्रबंधक
सी/2/46, चित्रकूट गांधीपथ जयपुर



मनोरमा देवी-सीताराम खनगवाल
तकनीकी अधिकारी,
एफ-21, हरीमार्ग, सिविल लाईन जयपुर

बाबू लाल डाबी
पूर्व महामंत्री
राजस्थान धानका समाज,
428, विवेक विहार, न्यू सांगानेर रोड़, जयपुर





अमर सिंह निर्वाण एवं प्रमिला देवी
रिटायर्ड, रेलवे विभाग, 63/34 पाल बीछला, दयाल बीड़ी के पीछे, अजमेर



बिमला देवी-राजकुमार खनगवाल
सेवानिवृत्त एसएमएस हॉस्पीटल
13 शिवपुरी कॉलोनी ए, 13 डी झोटवाड़ा जयपुर



लतेशदेवी एवं तेजप्रकाश धानका
डायरेक्टर, हीरो टेलर्स एण्ड फैशन
सी-123, राणाकॉलोनी, शास्त्रीनगर, जयपुर



मधु देवी एवं रामप्रकाश पचेरवाल
21 अम्बेडकर कॉलोनी, सोड़ाला, अजमेर रोड़
जयपुर -19 मो. 9521537424



महेशचंद कायथ एवं पद्मावती देवी
प्रधानाचार्या, राजकीय विद्यालय
एफ 1/173, चित्रकूट, वैशाली नगर, जयपुर

Estd. 2001

Reg. No. 259/2001

JAI MAA SARASWATI VIDHYA PEETH SR. SEC. SCHOOL




54, Raval Ji Ka Bandha, Khatipura Road, Behind N.B.C. Staff Quaters, Jaipur, Rajasthan 302006

Nur. TO XII English & Hindi Medium (Arts & Com.)

Admission Open

Our Goals & Ambitions for 2024 to upcoming years

1. In the session, we have started a special program for students and their parents in our school.
2. Compulsory Medical insurance for all students.
3. Book Bank has been started so that parents can be saved from the financial burden of buying books in the coming session.
4. To increase the student's moral values, we have decided to go to "OLD AGE HOME" with students and their parents

OUR FACILITIES

1. Live Camera on the Class-room
2. Computer Lab. & Library
3. Sports (Indoor/ Outdoor) Facilities
4. Transport Facilities
5. Free education for those children who don't have parents.
6. 50% Discount in tuition fees for Player and Child of Soldiers
7. Our YouTube channel http://www. youtube.com@JMSSCHOOL

Contact Persons

Director - Sanjay Sir/ Devendra 9251467543
Principal- Vijaylaxmi Saini 9251467543
Incharge- Roop Singh 9079171827
Sr. Female Co-Ordinator - Meena Bist 9351251572
Female Co-Ordinator - Reena Robert 89493069
Co-Ordinator - Javed Ali 9602503453
Technical Head - Deependra Khowal 9829865737

Our Achievements

1. Till now we have given free education to about 2100 studens
2. 63rd state level Badminton champion in 2018-2019.
3. 64th District level Badminton champion in 2019-2020.
4. Two time Participated in national level Badminton Competition from 2018-2020.
5. First prize in Nutrition Best Practice Organized by Nestle(Magic Bus)
6. Participation in Career Counseling Program Organized by ICAI
7. 3rd Prize winner in 59th wildlife week Road safety advocacy program Organized by Govt. of Rajasthan.

DON'T WAIT FOR THE PERFECT MOMENT, TAKE THE MOMENT AND MAKE IT PERFECT.


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक और संपादक रवि सिंह किरार द्वारा एम बी प्रिन्टर्स डिग्गी हाऊस, एफ 76 करतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर से प्रकाशित। फोन नं. 9314407796 parishkarpatrika@gmail.com
www.parishkarpatrika.com, www.parishkarpatrika.page प्रधान संपादक हेमलता किरार तथा सलाहकार श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार, प्रचार एवं प्रसार प्रबंधक डी कुमार चित्र, शायर सिंह किरार